# University in News on 01 April 2021

**HINDUSTAN PAGE 8**

# एलयू: इस साल से पीजी के छात्र करेंगे हैपीनेस कोर्स

लखनऊ | निज संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों को तनाव दूर करने के लिए इस साल से पीजी में एजुकेशन फॉर हैपीनेस कोर्स शुरू किया है। यह कोर्स छात्रों को तनाव दूर रखने और उन्हें वास्तविक आनंद का भाव देने में मदद करेगा। एमए एजुकेशन के दूसरे सेमेस्टर के छात्रों के लिए ये वैकल्पिक पेपर होगा जो सौ नंबर का होगा।

डॉ त्रिप्ता त्रिवेदी ने बताया कि इस कोर्स का वास्तविक मकसद वर्चुअल खुशी ढूंढ रहे बच्चों को समाज और परिवार के साथ मिलने वाले आनंद के बारे में बताना है। पहले पीजी की एजुकेशन स्ट्रीम में हैपीनेस का एक पेपर जोड़ा गया है। इसके बाद अन्य स्ट्रीम में जोड़ा जाएगा। तनाव को दूर करने के लिए मनोविज्ञान विभाग में हैपी थिंकिंग लैब का संचालन हो रहा है। ये लैब छात्रों में नकारात्मकता को खत्म कर सकरात्मक ऊर्जा का सृजन कर रही है। छात्रों के बीच लैब काफी कारगर है। यही कारण है कि अब तक लगभग तीन हजार छात्र लैब से जुड़ चुके हैं।